Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 30/11/2022

प्रकाशनार्थ

## डीडीयू के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ का पुनर्गठन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह के निर्देश पर विश्विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ का पुनर्गठन किया गया है। वनस्पति विज्ञान विभाग के डा रामवंत गुप्ता को इंटरनेशनल सेल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जीव विज्ञान विभाग के डा महेंद्र प्रताप सिंह तथा भुगोल विभाग की डा स्वर्णिमा सिंह को को–कोऑर्डिनेटर और रसायन विज्ञान विभाग के डा आलोक कुमार चौधरी को सदस्य बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए काम करेगा तथा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए काम करेगा। इसके साथ ही प्रकोष्ठ दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओ यू ) की संभावनाओं का पता लगाने के लिए कार्य करेगा। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रकोष्ठ वैश्विक विशेषज्ञों की पहचान करने के साथ ही विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अनुदान ६ परियोजनाओं की आकर्षित करने की संभावनाओं का पता लगाने का कार्य करेगा। विश्वविद्यालय की ब्रांड छवि में सुधार के लिए वैश्विक परिदृश्य पर गतिविधियों को आयोजित करने के साथ साथ विश्वविद्यालय कि वैश्विक रैंकिंग के लिए काम करेगा।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur